# 32 सीसीटीवी कैमरों से होगी शहर की निगरानी

**खास बातें**

- शहर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नपा बना रही योजना
- सड़कों पर ट्रैफिक लाइट, संकेतकस्पीड ब्रेकर की भी योजना




नवभारत न्यूज

**सिरोंज 29 मार्च, नगरपालिका द्वारा शहर में सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही सड़क सुरक्षा को लेकर योजना बनाई जा रही हैं. जिसके तहत नगरपालिका द्वारा शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, प्रमुख सड़कों आदि पर 32 सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने की योजना बनाई जा रही है. साथ ही शहर के चौक-चौराहों एवं प्रमुख सड़कों पर ट्रैफिक लाइट, स्पीड ब्रेकर एवं संकेतक लगाये जाने की भी योजना है.**

जानकारी के अनुसार नगरपालिका द्वारा शहर के कई चौक-चौराहों, प्रमुख सड़कों आदि पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने की योजना बनाई जा रही है. मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू ने बताया कि नपा द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट में शहर की प्रमुख सड़कों, चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने हेतु 50 लाख की राशि का प्रावधान किया गया है. जिसके तहत नगरपालिका शहर में करीब 32 सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने की योजना बना रही है. उन्होंने बताया कि शहर के प्रवेश मार्गों, मुख्य बाजार सहित कई प्रमुख मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने की योजना है. उन्होंने बताया कि लटेरी नाका, नगरपालिका तिराहा, नया बस स्टैंड, छत्री नाका, रोहिलपुरा चौराहा सहित शहर के मुख्य बाजार में कोर्ट गेट, टॉकीज चौराहा, पुलिस चौकी, सर्राफा बाजार के समीप आदि क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने की योजना है. साथ ही अन्य कई चिन्हित सार्वजनिक स्थानों पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाने की नगरपालिका योजना बना रही है. जिससे शहर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी. तथा शहर में निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाने में सहयोग मिलेगा.

### चार प्रमुख मार्गों पर बनेंगे प्रवेश द्वार

नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बताया कि नगरपालिका द्वारा शहर के चार प्रमुख मार्गों पर प्रवेश द्वार बनाये जाने की भी योजना बनाई जा रही है. नपा ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में नगर के चार मार्गों पर प्रवेश द्वार निर्माण के लिए 60 लाख की राशि का प्रावधान किया है. जिसके तहत नगरपालिका द्वारा भोपाल रोड, कुरवाई रोड, गुना रोड एवं बासौदा रोड पर प्रवेश द्वार निर्माण किये जाने की योजना है.

### सड़कों पर लगेगी ट्रैफिक लाइट व संकेतक

नगरपालिका द्वारा शहर की प्रमुख सड़कों पर ट्रैफिक लाइट लगाने की भी योजना बनाई जा रही है. जिससे शहर में यातायात सुगम एवं व्यवस्थित हो सके. तथा लोगों को ट्रैफिक जाम जैसी समस्याओं से निजात मिल सके. नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बताया कि नपा द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट में रोड सेफ्टी हेतु 50 लाख की राशि का प्रावधान किया गया है. जिसके तहत शहर की सड़कों पर स्पीड ब्रेकर, संकेतक, ट्रैफिक लाइट के साथ ही अन्य कार्य कराये जावेंगे. उन्होंने बताया कि शहर के चौक-चौराहों एवं प्रमुख सड़कों पर ट्रैफिक लाइट लगाये जाने की योजना है. जिससे लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिल सके. तथा सड़कों पर यातायात सुगम एवं व्यवस्थित हो सके. उन्होंने बताया कि लटेरी नाका, नगरपालिका तिराहा, नया बस स्टैंड, बासौदा नाका चौराहा, एवं रोहिलपुरा चौराहा आदि क्षेत्रों में ट्रैफिक लाइट लगाये जाने की योजना है. इसके साथ ही नगरपालिका द्वारा शहर की प्रमुख सड़कों पर नियम अनुसार एवं आवश्यकता होने पर स्पीड ब्रेकर भी बनाने की योजना है. जिससे दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके. इसके साथ ही कई प्रमुख सड़कों पर संकेतक भी लगाये जावेंगे. जिससे राहगीरों एवं वाहन चालकों को विभिन्न जानकारियां मिल सके. उन्होंने बताया कि लटेरी नाका, बासौदा नाका, छत्री चौराहा, रोहिलपुरा चौराहा सहित कई प्रमुख मार्गों पर सड़क किनारे संकेतक लगाये जाने की योजना है.

# आधी रात को टपरे में आग लगी, मवेशी झुलसे

**4 गायें झुलसीं-ग्रामीणों ने 5 गायों को सुरक्षित बचाया**



नवभारत न्यूज

**विदिशा 29 मार्च, शहर के हरिपुरा खिरिया जागीर गांव में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया. देर रात करीब 2 से 3 बजे के बीच एक टपरे में आग भड़क उठी. उस समय टपरे में 9 गायें बंधी हुई थीं, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई.**

आग की लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तुरंत आग बुझाने में जुट गए. आग तेजी से पूरे टपरे में फैल चुकी थी, लेकिन ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर 5 गायों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया. हालांकि 4 गायें गंभीर रूप से झुलस गईं. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया गया. हालांकि तब तक काफी नुकसान हो चुका था.

### गांव वालों ने आग बुझाई

ग्रामीण गोलू परिहार के अनुसार, देर रात अचानक आग लगने की जानकारी मिलते ही लोग मौके पर पहुंचे और गायों को बचाने का प्रयास किया. वहीं मोबत परिहार ने बताया कि ग्रामीणों और पुलिस ने मिलकर आग बुझाने की पूरी कोशिश की. फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## काली माँ की झांकी सजाई किया विसर्जन

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** चैत्र नवरात्रि के दौरान इस बार एक अनोखा धार्मिक आयोजन देखने को मिलाञ जहां परंपरा से हटकर काली मां की झांकी सजाई गई और विधि-विधान के साथ भव्य विसर्जन यात्रा निकाली गई. जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए.

## पांव से लाचार मगर हौसला बुलंद, टांगे जल पात्र

नवभारत न्यूज

**सांची. नगर के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पार्षद रतन लाल जायसवाल इन दिनों घुटनों की गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं, लेकिन उनकी सेवा भावना आज भी उतनी ही मजबूत है.**

भीषण गर्मी के इस दौर में, जब इंसानों के साथ-साथ पक्षी भी पानी के लिए भटकते नजर आते हैं, ऐसे समय में उन्होंने सराहनीय पहल करते हुए नगर के विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए जलपात्र टांगने का कार्य शुरू किया है. शारीरिक रूप से असहज होने के बावजूद रतन लाल जायसवाल ने अपने हौसले को कमजोर नहीं पड़ने दिया. उनका यह प्रयास यह संदेश देता है कि सच्ची सेवा के लिए मजबूत इरादों की आवश्यकता होती है, न कि केवल स्वस्थ शरीर की.

**एक नजर में**

## फरार आरोपी की सूचना पर 5 हजार का इनाम घोषित

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा थाना शमशाबाद में दर्ज अपराध क्रमांक 439/2023 के फरार अज्ञात आरोपी की जानकारी देने वालों के लिए 5 हजार के नगद इनाम की घोषणा की गई है. पुलिस ने आमजन से अपील की है कि आरोपी से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना तुरंत पुलिस को दें. सूचनाकर्ता का नाम पूर्णत: गोपनीय रखा जाएगा. पुलिस का कहना है कि नागरिकों के सहयोग से आरोपी की जल्द गिरफ्तारी संभव है.

## नीमखेड़ा के पास सड़क हादसे में मौत

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** परसों देर रात उदयगिरि मार्ग पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 65 वर्षीय रामनारायण सक्सेना की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार, वे नीमखेड़ा क्षेत्र से पूजा कर अपने दोपहिया वाहन से विदिशा लौट रहे थे, तभी अज्ञात चार पहिया वाहन ने उनके वाहन को जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद परिजनों में गहरा आक्रोश है. सोमवार को मृतक के परिवार के सदस्य कोतवाली थाने पहुंचे और आरोपी वाहन चालक को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की. परिजनों का कहना है कि अज्ञात वाहन की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके.

# 5 अरब राम नाम के महा-संकल्प को साकेतवासी संत की स्मृति से मिली नई ऊर्जा

**मोनी महाराज की स्मृति में 10 करोड़ राम नाम लेखन का संकल्प**



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा. जब संत केवल शरीर से जाते हैं, तब भी उनका तप, भजन और दिया हुआ ईश्वरीय नाम समाज में जीवित रहता है. श्री राम नाम बैंक ने एक तपस्वी संत की स्मृतियों को और अधिक श्रद्धा और आस्था से जोड़ दिया, जब रामनवमी से उनकी स्मृति में राम नाम लेखन का कार्य शुभारंभ हुआ.**

समीपस्थ ग्राम करौंदाकला इमलाधाम के लेटे हनुमान तपस्वी, भजनानंदी संत मोनी महाराज की पावन स्मृति में 10 करोड़ राम नाम लिखने का संकल्प राम नाम प्रेमियों द्वारा लिया गया. इस अवसर पर संतों एवं अतिथियों द्वारा राम नाम लेखन की नवीन पुस्तकों का विमोचन किया गया.मोनी महाराज मौन रहकर अपनी साधना और भक्ति करते थे. एक सच्चे तपस्वी संत की साधना, उनके मौन और भजन को राम नाम शब्दों के माध्यम से पुन: जीवंत करना ही सच्ची श्रद्धांजलि मानी गई.मालूम हो कि त्योंदा रोड स्थित श्री राम नाम बैंक नगर में करीब 20 वर्षों से संचालित है, जिसकी स्थापना समाजसेवी रघुनाथ सिंह रघुवंशी द्वारा की गई थी. यह संस्था सनातन धर्म की ध्वजा को राम नाम के माध्यम से आगे बढ़ा रही है. संतों की प्रेरणा से शुरू हुई यह पहल अब जिले के साथ-साथ अन्य तहसीलों और ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच चुकी है.रामनवमी के पावन अवसर पर बैंक द्वारा राम नाम प्रेमियों को एक तपस्वी संत की पावन स्मृतियों से जोड़ा गया, जिनके भजन के बल पर श्रद्धालु अब और अधिक उत्साह के साथ राम नाम लेखन कर रहे हैं. जब साकेतवासी मोनी बाबा की छवि के साथ राम नाम लेखन पुस्तिकाएं श्रद्धालुओं को प्रदान की गईं, तो सभी भावविभोर हो उठे और वातावरण श्रद्धा व आस्था से सराबोर हो गया.कार्यक्रम में उपस्थित गंज मंदिर के महंत महेश्वरदास त्यागी ने कहा कि राम नाम वह शक्ति है, जो जीवन के हर अंधकार को प्रकाश में बदल देती है. वहीं वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास ने कहा कि मोनी महाराज ने अपने जीवन से सिखाया कि जब हर श्वास राम बन जाए, तब जीवन ही साधना बन जाता है. संतों की वाणी से पूरा वातावरण भावपूर्ण हो गया.इस अवसर पर वर्षों से निरंतर राम नाम लिखने वाले साधकों का सम्मान भी किया गया. कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालुओं की आंखों में आस्था और हृदय में संत स्मृति स्पष्ट झलक रही थी.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने करौंदाकला से इमलाधाम तक पक्की सड़क निर्माण की घोषणा की. उन्होंने कहा कि इससे विशेष रूप से वर्षा ऋतु में श्रद्धालुओं को आने-जाने में सुविधा मिलेगी और भक्ति स्थल तक पहुंच आसान होगी.श्री राम नाम बैंक के प्रबंधक गिरिराज रघुवंशी ने बताया कि बैंक द्वारा 5 अरब राम नाम लेखन का संकल्प लिया गया है, जिसमें से करीब 3 अरब राम नाम अयोध्या स्थित राम नाम बैंक में जमा हो चुके हैं.

# पुरानी रंजिश में पाइप मारकर कर दी पड़ोसी की हत्या

**हत्या का आरोपी 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार**



नवभारत न्यूज

**सिरोंज, थाना पथरिया पुलिस ने कार्यवाही करते हुए हत्या के आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. जानकारी के अनुसार पुरानी रंजिश के चलते हत्या होने की जानकारी मिली है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विगत दिनों डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बागरोदा निवासी सुरेश बाल्मीकि की राजू बाल्मीकि के साथ आपसी विवाद एवं मारपीट में गंभीर रूप से घायल होने के बाद सिरोंज शासकीय अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई.**

उक्त सूचना पर थाना पथरिया में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. मामले में पुलिस अधीक्षक विदिशा रोहित काशवानी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुरवाई रोशनी सिंह के मार्गदर्शन में आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम गठित की गई. थाना प्रभारी पथरिया के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा प्रकरण में प्राप्त भौतिक साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी राजू बाल्मीकि निवासी ग्राम बागरोदा को हिरासत में लिया गया. पूछताछ में जानकारी मिली कि पुरानी रंजिश के चलते हुए विवाद में आरोपी ने लोहे के पाइप से सुरेश बाल्मीकि के सिर के पीछे वार किया. जिससे गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मृत्यु हो गई. आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया. पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी ऋतुराज सिंह, एएसआई सत्यनारायण इक्के, आरक्षक अंकुश, सोनू राजपूत एवं रवि कुशवाह की सराहनीय भूमिका रही.

# राजयोग की मिसाल बनी दादी जानकी को श्रद्धांजलि

**विदिशा,** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के चर्च वाली गली, बरेठ रोड स्थित सेवाकेंद्र द्वारा ब्रह्माकुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी का पुण्य स्मृति दिवस वैश्विक आध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया.

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने दादीजी के जीवन मूल्यों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने राजयोग के अभ्यास से स्वयं को इतना परिपक्व, शक्तिशाली, महान और आदर्शवान बनाया कि उनका एक-एक वचन महावाक्य बन गया. उन्होंने बताया कि दादी मात्र चौथी कक्षा तक शिक्षित थीं, लेकिन 46 हजार बहनों की अलौकिक मां बनकर उन्होंने सभी का मार्गदर्शन किया.दादी जानकी जी 103 वर्ष की आयु में भी प्रतिदिन लगभग 12 घंटे विश्व सेवा में सक्रिय रहीं और ब्रह्ममुहूर्त में सुबह 4 बजे से ध्यान में लीन हो जाती थीं. उनके नाम 'विश्व की सबसे स्थिर मन वाली महिला' का वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है, जो उनकी अद्भुत मानसिक स्थिरता और योग साधना का प्रमाण है.कार्यक्रम में बताया गया कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आज विश्व के 140 देशों में फैला हुआ है और यह संस्था नारी शक्ति द्वारा संचालित एक अनूठा उदाहरण है. दादी जानकी जी का जीवन अनुशासन, सेवा और आध्यात्मिकता की सजीव मिसाल है. ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने बताया कि दादी जानकी जी का जन्म वर्ष 1916 में अविभाज्य भारत के हैदराबाद सिंध अब पाकिस्तान में हुआ था.

# वीर हनुमान प्राकट्य उत्सव पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**मंदिरों में होंगे विभिन्न धार्मिक आयोजन**

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, नगर में भगवान वीर हनुमान प्राकट्य उत्सव 2 अप्रैल गुरुवार को धूमधाम के साथ मनाया जावेगा. इस मौके पर क्षेत्र में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जावेगा.**

भगवान हनुमान प्राकट्य उत्सव को लेकर मंदिरों में व्यापक तैयारियां की जा रही है. इस मौके पर मंदिर समितियों द्वारा मंदिरों में विशेष साज सज्जा की जा रही है. वीर हनुमान प्रकट उत्सव के उपलक्ष्य में मंदिरों में पूजा, अर्चना एवं भंडारा के साथ ही विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जावेगा. इस मौके पर क्षेत्र के हनुमान मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहेगी. मंदिरों में हवन, पूजन, कन्याभोज एवं भंडारे का भी आयोजन होगा. भगवान वीर हनुमान प्राकट्य उत्सव के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा लाल बाबा सेवा समिति सिरोंज के सहयोग से गुरुवार को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जावेगी. वही स्थानीय भैरव पठार स्थित श्री हनुमान मंदिर में गुरुवार को सायं 5 बजे से कन्याभोज एवं महाप्रसादी वितरण होगा. वही सायं 6 बजे से श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जावेगा. रात में महाआरती होगी. वहीं आसपास के क्षेत्रों के हनुमान मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के दर्शनों के लिए भीड़ लगी रहेगी.

### पीले चावल देकर किया आमंत्रित

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा वीर हनुमान प्राकट्य उत्सव के अवसर पर गुरुवार को नगर में निकलने वाली शोभायात्रा में शामिल होने के लिए नगर एवं ग्रामीण अंचलों में समाजजनों से संपर्क कर आमंत्रित किया जा रहा है. इस मौके पर विहिप एवं बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा गांव में जनसंपर्क कर समाजजनों को पीले चावल देकर शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया. इस दौरान बड़ी संख्या में विहिप एवं बजरंग दल कार्यकर्ता मौजूद रहे.

# चैत्र नवरात्र समापन पर ज्वाला देवी शक्ति पीठ दुर्गा मंदिर में नगर कन्या भंडारा 31 मार्च को

**विदिशा.** चैत्र नवरात्र के समापन के उपलक्ष्य में नगर की आस्था का केंद्र ज्वाला देवी शक्ति पीठ दुर्गा मंदिर, दुर्गा नगर में मंगलवार 31 मार्च को नगर कन्या भंडारे का आयोजन किया जाएगा.

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रात: देवी पूजन एवं भैरव पूजन के पश्चात कन्या भोजन कराया जाएगा. तत्पश्चात कन्या पूजन कर उन्हें चुनरी ओढ़ाकर सम्मानपूर्वक विदाई दी जाएगी तथा प्रसादी का वितरण किया जाएगा. यह आयोजन आमजन के लिए खुला रहेगा, जिसमें नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हो सकेंगे. भंडारे में विशेष रूप से 551 लीटर दूध से खीर तैयार की जाएगी, जिसे प्रसाद के रूप में वितरित किया जाएगा.मंदिर के प्रधान पुजारी महंत श्री रामेश्वर दयाल चतुर्वेदी जी ने समस्त नगरवासियों से आग्रह किया है कि वे माता के इस पावन भंडारे में शामिल होकर प्रसादी ग्रहण करें. वहीं मंदिर के प्रधान सेवक पं. गौरव संतोष शर्मा ने भी सभी नागरिकों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया है.भोग के पश्चात कन्या भंडारा दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया जाएगा.भंडारे की संपूर्ण व्यवस्था एवं तैयारियां ज्वाला देवी मंदिर के सेवकों द्वारा की जा रही हैं.

**वसूली**

**सांची में बकायादारों को नोटिस जारी, भुगतान न करने पर कनेक्शन काटने की तैयारी**

# बिजली बकाया वसूली अंतिम चरण में, लक्ष्य से पीछे रहा मंडल

नवभारत न्यूज

**सांची. क्षेत्र में विद्युत मंडल द्वारा चलाया जा रहा बकाया राशि वसूली अभियान अब अंतिम चरण में पहुंच गया है. लक्ष्य पूरा न होने के चलते विभाग ने बकायादारों के खिलाफ सख्ती बढ़ा दी है और नोटिस जारी कर दिए हैं. निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं करने पर कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई की जाएगी.**



जानकारी के अनुसार विद्युत वितरण कंपनी ने इस बार सांची क्षेत्र के लिए लगभग 3 करोड़ रुपये का वसूली लक्ष्य निर्धारित किया था. मार्च माह की शुरुआत से ही अधिकारी और कर्मचारी लक्ष्य प्राप्ति के लिए लगातार प्रयासरत रहे, लेकिन इसके बावजूद लक्ष्य हासिल नहीं हो सका. बताया जा रहा है कि निर्धारित लक्ष्य का करीब आधा ही वसूला जा सका है. इस संबंध में मनीष श्रीवास्तव सहायक यंत्री, विद्युत विभाग का कहना है कि बकायादारों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं. नियमानुसार कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी.

### शासकीय बकायादार बने बड़ी बाधा

वसूली में सबसे बड़ी अड़चन शासकीय बकायादार बने हुए हैं. आंकड़ों के अनुसार ग्रामीण पंचायतों पर लगभग 1 करोड़ 26 लाख रुपये, शिक्षा विभाग पर करीब 30 लाख रुपये तथा नगरीय प्रशासन सांची पर लगभग 26 लाख रुपये की बकाया राशि लंबित है.मंडल अब शेष बकायादारों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए नोटिस जारी कर चुका है. मार्च माह के भीतर भुगतान नहीं होने की स्थिति में कनेक्शन विच्छेदन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी.अब बकायादारों के सामने विकल्प साफ है—या तो बिजली बिल का भुगतान करें, या फिर अंधेरे के लिए तैयार रहें.

## भीषण गर्मी में बिजली संकट से जूझ रही सांची

**सांची.** विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक नगरी सांची इन दिनों बिजली की बदहाल व्यवस्था से जूझ रही है. लगातार हो रही बिजली की आंखमिचौली ने नगरवासियों की परेशानी बढ़ा दी है. भीषण गर्मी के बीच बार-बार बिजली गुल होने से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है. नगर में बिजली आपूर्ति की अनियमितता के कारण न केवल आमजन परेशान हैं, जिससे लोगों को दोहरी समस्या का सामना करना पड़ रहा है. संतोष दुबे अध्यक्ष, व्यापारी महासंघ का कहना है कि नगर की ऐतिहासिक पहचान को देखते हुए बिजली कंपनी को व्यवस्था सुधारने के गंभीर प्रयास करने चाहिए.

VERITAS FINANCE

**वेरिटास फाइनेंस लिमिटेड**

सीआईएन नंबर: U65923TN2015PLC100328
(पूर्व में वेरिटास फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड)
एसकेसीएल सेंट्रल स्क्वायर 1, साउथ और नॉर्थ विंग, 7वीं मंजिल, यूनिट # C28 - C35 CIPET रोड, थिरु वि का इंडस्ट्रियल एस्टेट, गिंडी, चेन्नई - 600 032. वेबसाइट: www.veritasfin.in

**शाखाओं का विलय**

प्रिय ग्राहकों,
प्रबंधन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि बासौदा शाखा के परिचालन (operations) को 01.07.2026 से विदिशा शाखा के साथ विलय कर दिया जाए।

| शाखा का नाम | बासौदा का पता |
|---|---|
| बासौदा | वेरिटास फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में वेरिटास फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से ज्ञात) प्रथम तल, वार्ड नंबर: 07, बरेठ रोड, लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास, बासौदा, विदिशा, मध्यप्रदेश- 464221. ईमेल: customercare@veritasfin.in टोल-फ्री: 18002029155 |

फलस्वरूप, विदिशा शाखा का संचालन निम्नलिखित पते पर कार्य करेगा:

| शाखा का नाम | विदिशा का पता |
|---|---|
| विदिशा | वेरिटास फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में वेरिटास फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से ज्ञात) द्वितीय तल, आर्य कॉम्प्लेक्स, वार्ड नंबर: 11, सांची रोड, विदिशा, मध्य प्रदेश - 464001. ईमेल: customercare@veritasfin.in टोल-फ्री: 18002029155 |

सहायता के लिए, ग्राहकों से अनुरोध है कि वे विलय की गई शाखाओं के नए पते पर संपर्क करें। हम अपने ग्राहकों से सहयोग की कामना करते हैं।
बासौदा शाखा के बंद होने की तिथि **30/06/2026** है।

**प्रबंधन की ओर से और उनके लिए,**
**वेरिटास फाइनेंस लिमिटेड**
**हस्ताक्षर/-**
**डी अरुलमनी (D Arulmany)**
**प्रबंध निदेशक एवं सीईओ**

**स्थान: विदिशा**
**दिनांक: 30.03.2026**